शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामानुजगंज
जिला– बलरामपुर–रामानुजगंज (छत्तीसगढ़)– 497220

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

तृतीय बैठक

दिनाँक 16–10–2018,दिन मंगलवार

आज दिनाँक 16–10–2018 को महाविद्यालय की आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की तीसरी बैठक का आयोजन दोपहर 3:30 बजे प्राचार्य कक्ष में किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ॰आर॰एस॰ अग्रवाल जी ने की । डॉ॰आर॰एस॰ अग्रवाल जी ने बैठक के शरूआत में सभी सदस्यों का स्वागत किया। IQAC कोर्डिनेटर डॉ॰आर॰बी॰सोनवानी ने बैठक के एजेण्डा की बिन्दुवार जानकारी दे कर स्पष्ट किया ।

आज की बैठक की कार्यवाही का विवरण निम्नानुसार है :–

1 पूर्व की दोनों बैठकों में लिये गये निर्णयों पर हुई कार्यवाही की समीक्षा की गयी साथ ही अधूरे कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने का निर्णय लिया गया ।

2 महाविद्यालय में छात्र –छात्राओं के लिए डिजिटल पुस्तकालय जैसी सुविधाओं को उपलब्ध कराने का निर्णय हुआ । जिसके लिए Inflibnet को सबक्राइब करने व इस इसके बारे में महाविद्यालय के स्टाक व छात्रों को उपयोग करने के लिए प्रेरित करने का निर्णय हुआ ।

3 छात्र–छात्राओं को विज्ञान से सम्बन्धित जिज्ञासाओं को शान्त करने एवं विज्ञान के प्रति रूचि बढ़े इसके लिए IQAC की और से एक प्रसिद्ध योग्य विज्ञानविद् से महाविद्यालय में व्याख्यान कराने जाने का निर्णय लिया गया ।

4 महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई के माध्यम से सामाजिक जागरूकता और समाज उपयोगी कार्यक्रमों को आयोजित करने का निर्णय लिया गया । बैठक में इस बात पर निर्णय हुआ कि दिसम्बर अन्तिम सप्ताह में एन.एस.एस. का विशेष शिविर विजयनगर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

5 महाविद्यालय परिसर में नवनिर्मित भवन में आवश्यक अधोसंरचना को विकसित किया जायें। जिससे यह भवन उपयोग में लाया जा सके।

6 महाविद्यालय के कार्यालयीन कार्यो में सुगमता व तेजी के लिए प्रिन्टर को क्रय किया जाये साथ ही निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए इनवर्टर को भी क्रय किया जाये ,जिससे प्रशासनिक कार्य के निर्बाध रूप से हो सके ।

7 महाविद्यालयीन में शिक्षण कार्य में ICT को बढ़ावा देने के लिए ICT के लिए आवश्यक अधोसंरचना को विकसित किया जाये जिसके लिए स्मार्टबोर्ड और प्रोजेक्टर को कक्षाओं में लगाया जाये । जिससे छात्र –छात्राओं इस आधुनिक शिक्षण तकनीक का लाथ उठा सके।

8 महाविद्यालय में वनस्पतिशास्त्र व जन्तुशास्त्र की लैब में रेफ्रिजरेटर की आवश्यकता है इसके लिए दोनों प्रयोगशालाओं के लिए रेफ्रिजरेटर को क्रय करने का निर्णय लिया गया।

9 लाइब्रेरी में उपयोगी पुस्तकों की उपलब्धता और अधिक बढ़ाने के लिए पुस्तकों को क्रय करने का निर्णय लिया गया ।

10 विभिन्न विभागों और कार्यालय में दस्तावेज के रख–रखाव के लिए अलमारी की उपलब्धता को बढ़ाने का निर्णय लिया गया जिसके लिए अलमारियों को क्रय करने का निर्णय हुआ ।

11 महाविद्यालय में कक्षाओं के लिए फर्नीचर की उपलब्धता बढ़ाने को लेकर निर्णय लिया गया। जिसके लिए फर्नीचर क्रय करने का निर्णय लिया गया।

12 महाविद्यालय में संचालित विविध प्रयोगशालाओं को उन्नत करने और इसके लिए आवश्यक उपयोगी सामानों को क्रय करने का निर्णय लिया गया।

13 महाविद्यालय में वार्षिक बौद्धिक ,सांस्कृतिक ,साहित्यिक व खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन जनवरी 2019 के तृतिय व चतुर्थ सप्ताह में किया जावे साथ ही वार्षिक महोत्सव आयोजन 02 फरवरी 2019 को किया जाने का निर्णय लिया गया।

14 नैक मूल्यांकन कराने हेतु SSR में प्रस्तावित 07 क्राइटरिया के लिए अलग–अलग क्राइटरिया प्रभारी बनाये जाने का निर्णय लिया गया। जिससे नैक प्रत्यायन कार्य सुव्यवस्थित हो सके और नैक प्रत्यायन के कार्य में तेजी आ सके।

बैठक के अन्त में IQAC के कोर्डिनेटर डॉ॰ आर॰ बी॰ सोनवानी ने सभी उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही दशहरा पर्व के लिए शुभकामनाएं दी । प्राचार्य की अनुमति से बैठक को समाप्त घोषित किया गया ।

आज दिनांक 16.10.2018 की इस बैठक में निम्नालिखित सदस्य उपस्थित रहे।

1. श्री अगस्टिन कुजूर, सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी)
2. शनि कुमार धारी, सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र)
3. श्री रमेश कुमार खैरवार, सहायक प्राध्यापक (हिन्दी)
4. श्री रामजीत राम, कार्यालयीन सदस्य।
5. श्री रमेश गुप्ता, प्रयोगशाला तकनीशियन।

IQAC
संयोजक

Govt Larang Sai P.G. College Ramanujganj (C.G.)
AISHE
C-9753

प्राचार्य
शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रामानुजगंज जिला–बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)